12.00 NOON

RE REPORTED RAPE OF SOMETRIBAL GIRLS BY SOME ASSAM POLICEMEN

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM (Tamil Nadu): Regarding violation of the whip I have given a letter to you. You have not given your ruling, Mr. Chairman.

[The Deputy Chairman in the Chair]

Four Members have violated the whip. You have not given your ruling.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is under consideration. I have already told you.

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : एक मिनट मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, एक मिनट । महोदया, टेलीग्राफ डेली में छपा है कि असम की पुलिस ने सात ट्राइबल लड़कियों को रेप किया है ।

उपसभापति : बिजनेस एडवाइजरीज कमेटी में यह फैसला हुआ है कि इस पर पूरा डिसक्शन हो । इस पर पूरा डिसकशन होने वाला है । यह इतनी छोटी चीज नहीं है कि एक मिनट में हो जाये ।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं मांग करता हूं कि पार्लियामेंट के मेम्बरों की एक टीम जाय और.....

उपसभापति : एक मिनट में यह नहीं होगा । यह बड़ा सीरियस मामला है यह चेयरमैन साहब ने भी कहा है । यह मामला हाउस में डिसकस होगा ।

श्री राम अवधेश सिंह : : मैं मांग करता हूं कि पार्लियामेंट के मेम्बर्स की एक टीम आसाम जाये, गवहाटी में जाये और इसकी जांच करे...

उपसभापति : जो अट्रोसिटी वूमैन के साथ हुई है उस पर पूरा डिसकशन होने वाला है । बहुत ही सीरियस ब्य् इस पर लिया गया है । यह एक मिनट में होने वाली बात नहीं है । जब इस पर बहस होगी उस वक्त इस पर बोलिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं सरकार से मांग करता हूं कि बहस के बाद भी एक टीम वहां जाये और बहस के पहले भी एक टीम वहां जाये । वह टीम जो बहस के पहले वहां जाय वह बहस से पहले हाउस को इन्फार्म करे और उसकी सूचना के आधगर पर.....

उपसभापति : ठीक है आप बैठिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : आप सरकार को कहिये कि वहां पर पार्लियामेंट के मेम्बर्स की एक टीम भेजी जाये और वहां से वह सूचना लाकर सदन को दे और उस सूचना के आधार पर यहां बहस हो ।

उपसभापति : आप मेरी तरफ देखिये उधर मत देखिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं तो आपकी ओर ही ज्यादा देख रहा हूं ।

PAPERS LAID ON THE TABLE

The Public Enterprises Survey (1986-87) Annual Report on the working of the Industrial and Commercial Undertakings of the Central Government (Volumes 1-3)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Madam, On behalf of Shri J. Vengal Rao, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Public Enterprises Survey for the year 1986-87—Annual Report on the working of the Industrial and Commercial Undertakings of the Central Government (Volumes 1—3). [Placed in Library. *See* No. LT-5499/88].